भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

प्रेस विज्ञप्ति

नई दिल्ली, 25 अप्रैल 2015 - भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन ।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण में 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक अग्निशमन सेवा सप्ताह का आयोजन किया गया। सप्ताह का प्रारम्भ उन बहादुर अग्निशमन सेवाकर्मियों को श्रद्धांजलि देते हुए किया गया जिन्होंने 14 अप्रैल, 1944 को बम्बई डॉक विस्फोट में लगी आग के दौरान अपने प्राण गंवाए थे। सप्ताह के दौरान हवाईअड्डा अग्निशमन सेवा विभिन्न गतिविधियों में व्यस्त रही जिनके द्वारा आम नागरिक, यात्रियों तथा विभिन्न अंशधारकों के मध्य अग्निशमन, सुरक्षा उपायों आदि के विषय में मूलभूत जानकारी प्रदान की गई।

समापन समारोह अग्निशमन प्रशिक्षण केन्द्र, दिल्ली में सम्पन्न हुआ। समारोह के दौरान श्री आर. के. श्रीवास्तव, आई ए एस, अध्यक्ष, भाविप्रा को हेट तथा बैटन प्रदान किए गए जिसके बाद वे समारोह के सुप्रीम कमांडर बन गए। अध्यक्ष भाविप्रा ने अग्निशमन सेवा मार्च पास्ट की सलामी ली। प्रशिक्षणाधीन अग्निशमन कर्मियों ने बड़ी संख्या में एकत्रित जनसमूह के समक्ष अपने कौशल का प्रदर्शन किया। सुरक्षित ढंग से शारीरिक क्षमता , विभिन्न बचाव तकनीकों तथा अग्निशमन कार्यों के कौशल का प्रदर्शन किया गया। कौशल प्रदर्शन के अंत में विमान आपातकाल अभ्यास किया गया जिसमें एक विमान मॉडल को वास्तविक घटना के छदम रुपान्तरण के साथ आग लगाई गई। 12000 लीटर पानी की क्षमता वाले अत्याधुनिक रोसेनबोर क्रैश फायर टैंडर तथा 7000 लीटर पानी को क्षमता वाले अन्य क्रैश फायर टैंडर अग्नि विजय ने आपातकालीन परिस्थिति में कार्यवाही करते हुए अग्निशमन तथा बचाव कार्यों का रोमांचक प्रदर्शन किया।

अध्यक्ष, भाविप्रा ने विमान आपातकाल का सामना करने के लिए हवाई अड्डा अग्निशमन सेवा की तैयारी की सराहना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने वैश्विक मानकों के अनुसार प्रशिक्षण सुविधाओं के उन्नयन की आवश्यकता तथा भविष्य के लिए संस्थान के उन्नयन हेतु रोडमैप बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने यह भी कहा कि हमारी सुविधाएं सर्वश्रेष्ठ होनी चाहिए ताकि हम विदेशों से भी प्रशिक्षणार्थी आकर्षित कर सकें।

हवाई अड्डा अग्निशमन सेवाओं के आधुनिकीकरण के भाग रुप में, भाविप्रा रोसेनबोर, आस्ट्रिया से 6000 लीटर पानी की क्षमता वाले 6 अत्याधुनिक रैपिड इंटरवेंशन वाहन खरीदेगा, जो अत्याधुनिक बचाव व अग्निशमन उपकरणों से युक्त होंगे। 10000 लीटर पानी की क्षमता वाले अन्य 50 क्रैश फायर टेंडरों को भी 2016 तक देशभर में विभिन्न हवाई अड्डों पर तैनात किया जाएगा।

जनसंपर्क विभाग द्वारा जारी
विस्तृत जानकारी हेतु कृपया संपर्क करें
म.प्र.(ज.सं) 9810025069, 011-24622787
सं. 06/2015-16

अग्नि ामन प्रि ाक्षण केन्द्र, नई दिल्ली में 14 से 20 अप्रैल 2015 को आयोजित अग्नि ामन सुरक्षा सप्ताह के दौरान श्री आर. के. श्रीवास्तवा, अध्यक्ष, भा.वि.प्रा. गार्ड आफ ओनर लेते हुए।